334-2000-10 लाख फा.

FORM No. III

APP
Crll

फर्द अहकाम

(नियम 26)

जज अदालत कलेक्टर मुकाम बांदीकुई

राज• सरकार जर्ये तहसीलदार बांदीकुई बनाम v/s ख्याली राम पु. रामसहाय वगै.

किस्म मुकदमा धारा 131 LRAct नं० 19 सन् 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
21/4/2025	तहसीलदार बांदीकुई द्वारा खातेदारी भूमि में से चालू रास्ते की भूमि को गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्ताव प्रेषित किया है। प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर वास्ते बहस पत्रावली दिनांक 23/04/2025 को पेश हो। [signature] उप खण्ड अधिकारी बांदीकुई (दौसा)	
23/04/25	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी पैरोकार सरकार उप० प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रार्थी पैरोकार सरकार को एकपक्षीय सुना। तहसीलदार बांदीकुई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। मुताबिक रिपोर्ट पटवारी, पटवार हल्का बडियाल कलां, ILR बडियाल कलां प्रस्तावित रास्ता खसरा संख्या 454, 455, 471 से होकर गुजरता है। उक्त रास्ता मौके पर चालू है। मौके पर सड़क बनी है। प्रस्तावित रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है। अतः तहसीलदार बांदीकुई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं संलग्न दस्तावेजों के अवलोकन के आधार पर प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रस्तावित रास्ते की खातेदारी यथावत रहेगी। विस्तृत निर्णय पृथक से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पालना हेतु तहसीलदार बांदीकुई को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर मय तकमील दाखिल दफ्तर हो। [signature] उप खण्ड अधिकारी बांदीकुई (दौसा)	

न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट बांदीकुई (दौसा)

PH:-01420-228487 E-Mail:-sdo-ban-dau-rj@nic.in

रण संख्या :–19 / 2025

रण दायर दिनांकः– 21.04.2025

रण निर्णय दिनांकः– 23.04.2025

राज. सरकार जर्ये तहसीलदार बांदीकुई बनाम ख्यालीराम वगै.

राजस्व ग्राम बडियाल कलां स्थित खातेदारी भूमि में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने बाबत।

निर्णय दिनांकः–23.04.2025

तहसीलदार बॉदीकुई के पत्र कमांकः राजस्व / 2024 / 423 दिनांक 26.04.2024 द्वारा राजस्व बडियाल कलां स्थित खातेदारी भूमि खसरा नं. 454, 455, 471 में से प्रस्तावित रास्ते को राजस्व रिकार्ड . मु. रास्ता दर्ज करने बाबत प्रस्ताव पेश किया गया है। प्रस्ताव की ताईद में भू.अ. निरीक्षक बडियाल ां एवं पटवारी हल्का बडियाल कलां की रिपोर्ट दिनांक 14.03.2024, राजस्व रिकार्ड जमाबंदी संवत 5–78 ग्राम बडियाल कलां खाता सं. नया 28 पुराना 29, सहमति पत्र संलग्न नक्शा ट्रेस जिसमें प्रस्तावित ा को प्रदर्शित किया गया है, प्रस्तुत की है। उक्त प्रस्तावित भूमि राजस्व रिकार्ड जमाबंदी में खातेदारी रिकार्ड है।

प्राप्त प्रस्ताव दर्ज कर हमने प्रस्तुत प्रस्ताव पर प्रार्थी / पैरोकार सरकार को एकपक्षीय । तहसीलदार बॉदीकुई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव एवं संलग्न भू.अ. निरीक्षक बडियाल कलां एवं पटवारी हल्का याल कलां की रिपोर्ट दिनांकः 14.03.2024, राजस्व रिकार्ड जमाबंदी संवत् 2075–2078 खाता संख्या नया ुराना 29 एवं नक्शा ट्रेस का अवलोकन किया। प्रस्ताव में संलग्न रिपोर्ट के अनुसार राजस्व ग्राम बडियाल ां में खसरा नंबर 454, 455, 471 में रास्ता मौके पर चालू है मौके पर सडक बनी हुयी है। प्रस्ताव में खातेदारी भूमि में से गै. मु. रास्ता दर्ज करने बाबत निवेदन किया है। राजस्थान सरकार राजस्व –6) विभाग के कमांक–प.3(17)राज–6 / 2021 पार्ट / 91 जयपुर दिनांक 30.09.2021 के परिपत्र के बिन्दु या 4 (2) के अनुसार " जहां खातेदार द्वारा रास्ते के उपयोग में आ रही भूमि को राजहित में समर्पण े से मना कर दिया जावे उस प्रकरण में रास्ते में काम में आ रही भूमि को गैर मुमकिन रास्ता दर्ज ा जावें परंतु उसे काश्तकार की खातेदारी में ही रहने दिया जावें।" अतः प्राप्त प्रस्ताव, संलग्न राजस्व र्ड जमाबंदी एवं नक्शा ट्रेस के अवलोकन के आधार पर प्रस्तावित रास्ते का राजस्व रिकार्ड में अंकन ा जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः तहसीलदार बॉदीकुई द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर राजस्व ग्राम बडियाल कलां त खातेदारी भूमि खाता सं. नया 28 पुराना 29 के खसरा नं. 454 रकबा 0.26 हैक्ट. में से 0.01 हैक्ट. खसरा नं. 455 रकबा 0.26 हैक्ट. में से 0.01 हैक्ट., भूमि खसरा नंबर 471 रकबा 0.26 हैक्टे. में से हैक्टेयर भूमि संलग्न नक्शा ट्रेस में प्रदर्शित प्रस्तावित के अनुसार गै. मु. रास्ता दर्ज किये जाने के श दिये जाते हैं। प्रस्तावित रास्ते की खातेदारी यथावत रहेगी। तहसीलदार बॉदीकुई नियमानुसार राजस्व र्ड में अमल दरामद करे। पालना हेतु तहसीलदार बॉदीकुई को तहरीर जारी हो। प्रकरण दर्ज रजिस्टर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

23/4/25

(रामसिंह राजावत)
आर.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी बांदीकुई

उप खण्ड अधिकारी
बांदीकुई (दौसा)

Scanned with OKEN Scanner